दिनांक 31.07.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# आयुक्त ने सी–मार्ट, मदर्स मार्केट एवं महिला गारमेंट फैक्ट्री का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रं. 04 अंतर्गत सी–मार्ट, मदर्स मार्केट, निर्माणाधीन महिला गारमेंट फैक्ट्री एवं सफाई कार्य का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के द्वारा किया गया है। सी–मार्ट एवं मदर्स मार्केट के बंद दुकानों का नियमानुसार दर निर्धारण कर संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति ऑफर आमंत्रित की जाएगी । निर्मित दुकानों से निगम को राजस्व प्राप्ति होगी । आई.टी. आई समीपस्थ निर्माणाधीन महिला गारमेंट फैक्ट्री में चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस फैक्ट्री के निर्माण होने से स्थानीय महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के साथ रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा एवं निर्माणकर्ता एजेंसी को अविलम्ब एवं गुणवत्ता युक्त कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। खुर्सीपार सुभाष मार्केट, पुराना मछली मार्केट में निर्मित हाट बाजार का अवलोकन किया गया है। हाट बाजार का ऑफर आमंत्रित कर मार्केट को व्यवस्थित किया जाएगा। वार्ड क्रं. 44 लक्ष्मी नारायण वार्ड एवं वार्ड 45 बालाजी नगर में चल रहे नलियों की साफ–सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, वार्ड 46 के पार्षद के. जगदीश कुमार, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी उपस्थित रहे।

